वर्ष 28 अंक 213
पृष्ठ 20+4=24
बरेली, शनिवार
15 अप्रैल 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

आज से डाउनलोड होंगे नीट के प्रवेश पत्र

जासं, नई दिल्ली : देशभर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस, बीडीएस की सीटों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) 2017 के लिए प्रवेश पत्र शनिवार से डाउनलोड किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी सीबीएसई नीट की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। देशभर के 104 शहरों में 7 मई को परीक्षा आयोजित की जाएगी। सीबीएसई ने इस बार ऑनलाइन प्रवेश पत्र देने का फैसला किया है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय इसकी एक कॉपी अभ्यर्थी के ईमेल पर भी पहुंच जाएगी। सीबीएसई अधिकारी के मुताबिक अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन फार्म भरते समय जो फोटो लगाई थी, उसी तरह की फोटो प्रवेश पत्र में भी लगानी होगी तब ही प्रवेश पत्र मान्य माना जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या में 41.42 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। पिछली बार जहां नीट के लिए 802594 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, वहीं इस बार यह संख्या 1135104 हो गई है।

हेल्पलाइन नंबर करेगा मदद : प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में अभ्यर्थियों को परेशानी न हो इसके लिए सीबीएसई ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अभ्यर्थी सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक हेल्प डेस्क के नंबर 011-22041807/8 व 1800118002 पर संपर्क कर सकते हैं। नीट शाखा से भी सुबह साढ़े नौ से शाम पांच बजे तक मोबाइल नंबर 9599590192 व 9599590193 पर संपर्क किया जा सकता है।